सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

04 मार्च, 2022

अत: अविलम्ब संख्यात्मक डाटा एकत्र कर प्रोन्नति पर लगी रोक हटाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग ।

श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : इसमें समय दिया जाय ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य आप सबकी सहमति हो तो शून्यकाल आगे शुरू किया जाय ।

(सदन की सहमति हुई ।)

सदन की सहमति है । श्री पवन कुमार यादव, अपना शून्यकाल पढ़ें ।

श्री पवन कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव नगर में मोटर खराब होने एवं जलापूर्ति पाइप फटने के कारण बराबर कई दिनों तक जलापूर्ति बाधित रहती है, इसके स्थायी निदान हेतु पंप हाउस में अतिरिक्त मोटर लगाने एवं पंप हाउस से 200 मीटर पाइप अविलंब बदलने की मैं सरकार से मांग करता हूं ।

## सभा मेज पर कागजात का रखा जाना

अध्यक्ष : माननीय प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन विभाग ।

श्री जिवेश कुमार, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार प्रशिक्षण पक्ष / संस्थान लिपीकीय संवर्ग नियमावली, 2011; बिहार प्रशिक्षण पक्ष / संस्थान लिपीकीय संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2014; बिहार प्रशिक्षण पक्ष / संस्थान लिपीकीय संवर्ग (संशोधन) नियमावली, 2015 एवं बिहार औद्योगिक प्रशिक्षण अनुदेशक संवर्ग नियमावली, 2018 की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

अध्यक्ष : पुन: शून्यकाल । श्री राजेश कुमार गुप्ता ।

## शेष शून्यकाल की सूचनाएँ

श्री राजेश कुमार गुप्ता : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला के सासाराम नगर निगम अन्तर्गत गौरक्षणी मुहल्ला में शुभम कुमार, पिता- सिव पाल, उम्र-06 वर्ष का अपहरण दिनांक-17.12.2021 को हुआ और 28.12.2021 को उनकी हत्या कर दी गयी, पर आज तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई न मुआवजा ही मिला । सरकार हत्यारों की गिरफ्तारी कर मुआवजा दिलावे ।

श्री जय प्रकाश यादव : अध्यक्ष महोदय, अररिया जिला के नरपतगंज नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नम्बर-20 स्थित हनुमान मंदिर से नहर पर नरेश पासवान टोला होते हुए रामघाट रोड तक सड़क निर्माण की मांग सदन के माध्यम से करता हूं ।

श्रीमती संगीता कुमारी : अध्यक्ष महोदय, मोहनियां विधान सभा अंतर्गत मोहनियां नगर में भभुआ रोड स्टेशन से आने वाली सड़क के सामने जी0टी0 रोड (एन0एच0-2) पर जनहित में अंडर पास निर्माण कराने की मांग करती हूं ।

श्री प्रणब कुमार : मुंगेर-खगड़िया रेल सह सड़क पुल का मुंगेर स्थित जीरो माइल का नामकरण बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पिछड़ों एवं अति पिछड़ों के मसीहा जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के नाम पर जननायक चौक रखने की मांग करता हूं ।

श्री मुकेश कुमार रौशन : अध्यक्ष महोदय, अनुमंडल अस्पताल महुआ में ब्लड बैंक, अल्ट्रासाउंड मशीन एवं डिजिटल एक्सरे लगाने की मांग करता हूं ।

श्री कृष्णनंदन पासवान : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रस्तावित नगर निगम मोतिहारी के सर्किट हाउस चौक से मजुराहाँ गांव को जाने वाली सड़क में सुधीर महतो के घर से खापीटोला रामसुन्दर सिंह के घर होते हुए भक्तिन के घर तक सड़क जर्जर है । मैं सरकार से मांग करता हूं कि सड़क का जनहित में निर्माण करावे ।

श्री कुमार शैलेन्द्र : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के कहारपुर भ्रैया, चोरहर, सिंहकुण्ड, लोकमानपुर, कालूचक विश्वपुरिया, ढोढिया-दादपुर गांव का कोशी नदी के द्वारा भीषण कटाव हो रहा है । स्थिति बहुत ही भयावह है ।

अत: सरकार से तुरंत कटाव रोकने हेतु ठोस कार्य कराने की मांग करता हूं।

श्री विजय कुमार खेमका : अध्यक्ष महोदय, पूर्णिया जिला, अनुमंडल, प्रखण्ड, स्कूल के खेल मैदान सार्वजनिक स्थल मठमंदिर की जमीन भूमाफिया द्वारा अतिक्रमित है शेष जमीन हड़पने में लगे हैं ।

अत: मैं सरकार से पूर्णिया जिला के उक्त सभी खेल मैदान की घेराबंदी तथा मठमंदिर की जमीन का सीमांकन कर जनहित में स्कूल, अस्पताल खोलने की मांग करता हूं ।

श्री राज कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, शामोह प्रखंड की भौगोलिक स्थिति एवं अनुमंडल मुख्यालय से दूरी को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल स्तर पर डिग्री कॉलेज बनाने की वर्तमान नीति को शिथिल करते हुए शामोह प्रखंड में 1 डिग्री कॉलेज की स्थापना करने की मांग सरकार से करता हूं ।

श्री अवध विहारी चौधरी : अध्यक्ष महोदय, सिवान जिलान्तर्गत प्रशिक्षित शिक्षकों का 22 माह से वेतन भुगतान लंबित है, जिनकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के आदेश से (34500 प्रशिक्षित शिक्षक) हुई थी । उनके परिवार भुखमरी के शिकार हैं । जनहित में बकाये वेतन का भुगतान करावे ।

श्री रामबली सिंह यादव : अध्यक्ष महोदय, राज्य भर के 10 वर्षों से न्यूनतम मानदेय पर कार्यरत निजी पशु टीका कर्मियों को कृषि सलाहकार के तर्ज पर पशु सलाहकार के रूप में नियुक्त किया जाय ।

श्री मुरारी प्रसाद गौतम : अध्यक्ष महोदय, चेनारी विधानसभा अंतर्गत डीहरियां पंचायत के कैथी ग्राम के बेलवई नदी पर पुल न होने के चलते पियाकलां उच्च विद्यालय आने-जाने वाले छात्रों को पानी के रास्ते जान जोखिम में डाल कर गुजरना पड़ता है ।

अत: उक्त नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग करता हूं ।

श्री सतीश कुमार : अध्यक्ष महोदय, बिहार में सरकार के द्वारा संचालित छात्रावास जैसे अम्बेडकर छात्रावास, बाबू जगजीवन छात्रावास, अल्पसंख्यक छात्रावास, जन नायक कर्पूरी ठाकुर व अन्य छात्रावास में पुस्तकालय स्थापित करने की मांग सदन से करता हूं ।

श्री मुरारी मोहन झा : अध्यक्ष महोदय, कई वर्षों से विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन जो 400 रु0 तक दिया जाता है । इतनी कम राशि से वह अपना जीवन-यापन भी ठीक ढंग से नहीं कर सकते । विधवा, वृद्धा और दिव्यांग पेंशन की राशि बढ़ाई जाय । इस हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।

टर्न-10/धिरेन्द्र/04.03.2022

श्री अमरजीत कुशवाहा : अध्यक्ष महोदय, सिवान जिला में नील गायों की संख्या बढ़ जाने के कारण लाखों एकड़ फसल नष्ट कर देते हैं, किसान तबाह हैं । नील गायों एवं घोड़परासों पर रोक लगाने की नीति बनावें तथा नुकसान फसल का मुआवजा दिलावें ।

श्री विनय कुमार चौधरी : अध्यक्ष महोदय, बेनीपुर प्रखंड के महिनाम गांव में रोदिया पीपर से अरूण झा के घर होते हुए सुकन पासवान के घर होते हुए सज्जनपुरा तक सड़क का निर्माण कराया जाय ।

श्री इजहारूल हुसैन : अध्यक्ष महोदय, किशनगंज जिला में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के लिये लगभग 224 एकड़ भूमि चयनित है । इसमें निर्माण कार्य के लिए 136.82 करोड़ रुपये एलौट किया गया है, जिसमें केवल 10 करोड़ रुपये खर्च हुए । शेष राशि 2014 से भुगतान नहीं होने के कारण ए॰एम॰यू॰ केन्द्र किशनगंज की स्थिति जस की तस बनी हुई है ।

अत: ए॰एम॰यू॰ फण्ड रिलीज करवाने की मांग करता हूँ ।

श्री राम चन्द्र प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड का निबंधन कार्यालय लहेरियासराय (सदर दरभंगा) था जिसे वर्तमान में निबंधन कार्यालय बहेड़ा कर दिया गया है, जो भौगोलिक एवं यातायात के दृष्टिकोण से बिल्कुल उचित नहीं है।

अत: मैं सरकार से मांग करता हूँ कि निबंधन कार्यालय को पुन: लहेरियासराय (सदर दरभंगा) किया जाय ।

श्री भाई वीरेन्द्र : अध्यक्ष महोदय, आज जुम्मा का दिन है, सदन 12.30 बजे तक चलती है, इस परम्परा को आगे बढ़ाया जाय, इस परम्परा को निभाया जाय ।

अध्यक्ष : सहमति देने वाले में आप सब लोग हैं । माननीय सदस्यगण, हमने इसलिए पहले ही पूछा और पहले ही कह दिया और उसके बाद आपलोग सहमति कर, फिर आप राजनीति कीजियेगा तो दोनों विषय सदन में नहीं चलेगी । फिर एक बार पूछ रहे हैं, सदन चलाने के पक्ष में हैं ? शून्यकाल लिया जाय ?

(व्यवधान)

आपके बगल में ही प्रह्लाद यादव जी कह रहे हैं कि शून्यकाल लिया जाय । ठीक है।

(सदन की सहमति हुई)

श्री विनय कुमार : अध्यक्ष महोदय, गया जिला के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में गत 15 वर्षों से जमे विभागाध्यक्ष एवं चिकित्सकों को तुरंत अन्यत्र स्थानों पर स्थानान्तरण किया जाय ।

श्री रणविजय साहू : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत लरूआ पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं रहने के कारण प्राथमिक उपचार के लिए 14 किलोमीटर दूर मोरवा अस्पताल जाना पड़ता है ।

जनहित में लरूआ पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्र स्थापित करने की मांग करता हूँ ।

श्री ऋषि कुमार : अध्यक्ष महोदय, औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा दाउदनगर प्रखण्ड स्थित डिहरा, तेजपुरा, सिपहां पन बिजली परियोजना का निर्माण वर्ष 2004 से विभागीय उदासीनता के कारण लम्बित है । मैं उपरोक्त पन बिजली परियोजनाओं को वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूरा करने की सरकार से मांग करता हूँ ।

श्री संतोष कुमार मिश्र : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखण्ड में निर्माणाधीन करगहर-रीवाँ पथ जो कि ग्राम-बभन बरेहटा से होकर गुजरता है, उक्त ग्राम को ग्राम-रीवाँ से जोड़ने हेतु सहदेई नदी पर एक आर०सी०सी० पुलिया बनाने के लिए सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ ।

श्री भरत बिन्द : माननीय अध्यक्ष महोदय, कैमूर जिला अंतर्गत रामपुर प्रखंड के बेलाव बाजार में कोई सरकारी शुलभ शौचालय नहीं होने के कारण महिलाओं को काफी परेशानी होती है । सरकार से बेलाव बाजार में शौचालय निर्माण की मांग करता हूँ ।

श्री छत्रपति यादव : अध्यक्ष महोदय, सदर अस्पताल, खगड़िया के प्रांगण लो-लेण्ड होने के कारण बरसात में पानी जमा हो जाती है तथा जल निकासी की आधुनिक व्यवस्था की कमी

है । सदर अस्पताल, खगड़िया के प्रांगण की मिट्टी भराई के साथ ऊँचीकरण और जल निकासी हेतु आधुनिक नाला निर्माण की मांग करता हूँ ।

श्री महा नंद सिंह : अध्यक्ष महोदय, अरवल जिला में राजकीयकृत 39 उच्च विद्यालय में रात्रि प्रहरी के लिए मानदेय नहीं मिलता है जबकि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में सरकार मानदेय देती है । सरकार से उच्च विद्यालय में रात्रि प्रहरी को मानदेय देने की मांग करता हूँ ।

श्री राम रतन सिंह : अध्यक्ष महोदय, 60 साल पुराने इंटर कॉलेज, गढ़हारा को बंद करने का फैसला रेल मंत्रालय ने किया है ।

अत: उक्त इंटर कॉलेज को राज्य सरकार के अधीन संचालित करने की मांग करता हूँ ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जिनको जुम्मे की नवाज अदा करने के लिए जाना है, उनका पढ़ा हुआ मान लिया जायेगा और आगे आपकी सहमति हो तो उनको प्राथमिकता दे दी जायेगी । क्या ?

(सदन की सहमति हुई कि पढ़ा हुआ मान लिया जाय)

पढ़ा हुआ मान लिया जाता है और आगे उनको सहमति दे दी जाती है ताकि सदस्य का जो शून्यकाल है....

(व्यवधान)

आपकी और सबकी भावना को देखते हुए ऐसा किया गया ।

श्री प्रहलाद यादव : अध्यक्ष महोदय, लक्खीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा थाना की पुलिस रात के 12 बजे निस्तागाँव में घर का दरवाजा तोड़कर काजल देवी, पति-प्रमोद यादव वगैरह की गाली-ग्लौज, मारपीट एवं दुर्व्यवहार किया गया और झूठा केस सूर्यगढ़ा कांड संख्या-52/2022 किया गया ।

अत: घटना की उच्चस्तरीय जाँच सरकार से करावाने की मांग करता हूँ।

श्रीमती ज्योति देवी : माननीय अध्यक्ष महोदय, गया जिलान्तर्गत ग्राम-लाडू एवं कोशिला के बीच निरंजना नदी पर पुल नहीं है, जिसके अभाव में आम जनों को घोर कठिनाई होती है । अति महत्वपूर्ण एवं जनहित में पुल का निर्माण कराने की मांग सदन से करती हूँ ।

श्री फते बहादुर सिंह : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला में सरकार की बी०एड० कॉलेज नहीं है ।

अत: रोहतास जिला अन्तर्गत डिहरी में बी०एड० कॉलेज बनवाने के लिए सरकार से मांग करता हूँ ।

श्रीमती प्रतिमा कुमारी : अध्यक्ष महोदय, सदर अस्पताल, हाजीपुर में नौ साल पहले कार्डियक केयर यूनिट (सी०सी०यू०) खोला गया परन्तु आज तक चालू नहीं हुआ है क्योंकि आधारभूत संरचना एवं विशेषज्ञ चिकित्सक का अभाव है ।

अत: सदर अस्पताल स्थित सी०सी०यू० में आवश्यक आधारभूत संरचनाएं एवं विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापन कर सी०सी०यू० चालू किया जाय ।

श्री आलोक कुमार मेहता : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिला के उजियारपुर प्रखण्डान्तर्गत एन0एच0-28 चाँदचौर स्कूल से नाजिरगंज स्टेशन होते हुए नाजिरपुर हाट तक सड़क अत्यधिक जर्जर स्थिति में है । मैं जनहित में मांग करता हूँ कि उक्त सड़क का शीघ्र चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कराया जाय ।

श्री सत्यदेव राम : अध्यक्ष महोदय, 2015 में बिहार सरकार द्वारा नर्सरी से स्नातकोत्तर तक छात्राओं और एससी एसटी छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा देने की घोषण की गई । इतने दिन बाद भी घोषणा पूरी नहीं हुई । बिहार के सभी छात्राओं एवं एससी एसटी छात्रों को नर्सरी से स्नातकोत्तर तक नि:शुल्क शिक्षा देने की मांग करता हूँ ।

श्रीमती बीना सिंह : अध्यक्ष महोदय, वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखण्ड में चयनित शिक्षकों को अभी तक नियोजन पत्र नहीं मिला है, शिक्षक अभ्यार्थियों को जल्द से जल्द नियोजन पत्र देने और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की मैं सरकार से मांग करती हूँ ।

श्री गोपाल रविदास : अध्यक्ष महोदय, पटना-गया-डोभी (एन०एच०-83) परियोजना के अन्तर्गत खपरैलचक, थाना नं०-96 में पईन (प्लॉट नं०-105) पर अंडर पास निर्माण करने के लिए राज्य सरकार से हस्तक्षेप की मांग करता हूँ ।

टर्न-11/संगीता/04.03.2022

श्री सूर्यकान्त पासवान : अध्यक्ष महोदय, बेगूसराय के बलिया से रोसरा भाया डंडारी बखरी, गढ़पुरा सड़क के चौड़ीकरण से पूर्वी और उत्तरी बिहार की दूरी 40 कि0मी0 कम हो जाएगी और एन0एच0 से गाड़ियों का दबाव भी घटेगा, उक्त सड़क का चौड़ीकरण और स्टेट हाइवे का दर्जा देने की मांग करता हूं ।

श्री समीर कुमार महासेठ : अध्यक्ष महोदय, राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत के प्रतिनिधियों की हत्या की घटनाएं अत्यधिक हो रही हैं । इनको सरकार द्वारा सुरक्षा प्रदत्त नहीं है ।

अत: पंच, सरपंच, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख एवं जिला परिषद् सदस्य को अंगरक्षक प्रदान किये जाने की मांग करता हूं ।

श्री विनय बिहारी : अध्यक्ष महोदय, बेतिया मनुआपुल भाया- योगापट्टी नवलपुर रतवल पथ को शीघ्र यातायात योग्य बनवाने की मांग मैं सदन से करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित )

मोहम्मद इसराईल मंसुरी : अध्यक्ष महोदय, उर्दू राज्य की दूसरी कार्यालयी भाषा है, मगर मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत समाहरणालय के मुख्य द्वार पर सिर्फ हिन्दी भाषा का प्रयोग हुआ है और पर्याप्त जगह भी उपलब्ध है । अत: उर्दू भाषा का भी प्रयोग करते हुए समाहरणालय अंकित अतिशीघ्र कराने की मांग सरकार से करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री सुदामा प्रसाद ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्रीमती मीना कुमारी : अध्यक्ष महोदय, कार्य अंचल दरभंगा अन्तर्गत मधुबनी जिला में परमानेन्ट रेस्टोरेशन का कार्य माह अक्टूबर, 2021 में पूरा होने के बावजूद अबतक संवेदकों को भुगतान संबंधी कार्रवाई नहीं की गयी है ।

अत: सरकार से उक्त कार्य हेतु संवेदकों को यथाशीघ्र भुगताने कराने की मांग करती हूं ।

श्रीमती भागीरथी देवी : अध्यक्ष महोदय, बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड गौनहा के पंचायत मझरिया के ग्राम पटखौली से महेशपुर जाने वाली कच्ची पथ का पक्कीकरण कराने की मांग करती हूं ।

श्रीमती रश्मि वर्मा : अध्यक्ष महोदय, नरकटियागंज नगर परिषद् में दुर्घटना एवं आपराधिक घटना को देखते हुए नगर में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने की मैं सदन के माध्यम से मांग करती हूं ।

अध्यक्ष : श्री संदीप सौरभ ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री सुनील मणि तिवारी : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत गोविन्दगंज विधानसभा में माह फरवरी, 2022 में ओलावृष्टि के कारण किसानों द्वारा हजारों एकड़ में लगाया गया सरसों, आलू, गेहूं, मसूर व अन्य फसल नष्ट हो गया है ।

अत: मैं सदन से इसकी जांच कराकर उनकी फसल क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री अरूण सिंह ।

(माननीय सदस्य अनुपस्थित)

श्री ललन कुमार : अध्यक्ष महोदय, राज्य के सभी सरकारी वेतन भोगी अपने-अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाएं और अपना एवं अपने परिवार का ईलाज सरकारी अस्पताल में करायें । जिसके कार्यान्वयन के लिए मैं सरकार से ठोस कानून बनाने की मांग करता हूं ।

श्री मोहम्मद कामरान : नवादा जिला के एन0एच0-31 पर आकस्मिक दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को शीघ्र चिकित्सा हेतु ट्रामा सेंटर का निर्माण कराने की मांग करता हूं ।

श्री ललित नारायण मंडल : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिले के सुलतानगंज प्रखंड के असियाचक पंचायत के मंझली गांव के किसानों के बोरिंग तक यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति कराया जाय ।

श्री शमीम अहमद : पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड अन्तर्गत बनकटवा नहर चौक से झझरा तक काफी जर्जर सड़क है जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, उक्त सड़क शीघ्र निर्माण करवाया जाय ।

श्री विजय कुमार : अध्यक्ष महोदय, शेखपुरा जिला के जय कुमार पिता श्री विजय कुमार, मो0-बंगालीपर, आशीष आनंद, पिता श्री सुभाष सिंह, ग्राम-डीहकुसुम्भा, दानिश खान, पिता-मो0 राशिद खान, चरुआवा, अंजन कुमार, पिता-मनोज कुमार, ग्राम-परसोंबीघा सहित सभी भारतीय छात्र को यूक्रेन से सुरक्षित भारत वापसी हेतु केन्द्र सरकार से प्रस्ताव भेजने की मांग सदन के माध्यम से करता हूं ।

श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कर संवैधानिक दर्जा दिलावे खातिर हम बिहार सरकार से केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजे के मांग कर तानी ।

श्री मोतीलाल प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2021-22 में सीतामढ़ी जिला के रीगा सहित विभिन्न प्रखंडों में अतिवृष्टि, बाढ़ एवं जल जमाव के कारण खरीफ फसल क्षति होने के एवज में ऑनलाईन आवेदन लेने के उपरांत फसल क्षति वाले किसानों को अनुदान मिला, किन्तु जो किसान बाढ़ एवं जल जमाव के कारण रोपनी नहीं कर सके, उसे कोई अनुदान नहीं मिला । अत: वैसे किसानों को भी अनुदान की राशि मिले ।

श्री पवन कुमार जायसवाल : अध्यक्ष महोदय, बिहार में आंगनबाड़ी सेविका को 5950 रुपया एवं सहायिका को 2975 रुपया मानदेय दिया जाता है जबकि दिल्ली सरकार द्वारा सेविका को 12,720 रुपया एवं सहायिका को 5610 रुपया दिया जाता है ।

मैं राज्य सरकार से दिल्ली की तर्ज पर बिहार में सेविका को 12720 एवं सहायिका को 5610 मानदेय देने की मांग करता हूं ।

श्री महबूब आलम : कटिहार जिलान्तर्गत कदवा विधान सभा की क्षेत्र की जनता को सुधानी होकर बारसोई अनुमंडल तक पहुंचने के लिए कोटा-कसवाटोली धार को नाव से पार करना पड़ता है । पुल के अभाव में जनता को अनुमंडल की जनता को 40 किलोमीटर दूरी तय करना पड़ता है, पुल निर्माण की मांग करता हूं ।

श्रीमती मंजु अग्रवाल : अध्यक्ष महोदय, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय शेरघाटी में पदस्थापित पुरूष प्रभारी प्राचार्य के कारण नामांकित छात्राओं के साथ-साथ महिला शिक्षिकाओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है । उक्त विद्यालय में महिला प्राचार्य की नियुक्ति की मांग करती हूं ।

श्री प्रेम शंकर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, गोपालगंज जिलान्तर्गत बैकुण्ठपुर प्रखण्ड मुख्यालय से अत्यधिक दूरी पर डिग्री महाविद्यालय अवस्थित होने से इस क्षेत्र के उच्च शिक्षा से मरहूम छात्रों को उच्च शिक्षा मुहैया कराने हेतु डिग्री महाविद्यालय की स्थापना जनहित में शीघ्र कराने की मांग करता हूं ।

श्री अरूण शंकर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, राज्य में शराब बेचने एवं पीने वालों पर मुकदमा न्यायालय एवं कारा पर बढ़ते दबाव को ध्यान में रखकर मुकदमों के शीघ्र निपटारा हेतु अतिरिक्त न्यायालय एवं कारा की समुचित व्यवस्था की मांग सरकार से करता हूं ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आधुनिक हिन्दी साहित्य के महान साहित्यकार, उपन्यासकार, कथा शिल्पी, स्वतंत्रता सेनानी एवं महान चिन्तक श्रद्धेय फणीश्वर रेणु जी की जयन्ती है । उन्होंने अपनी विरल लेखन शैली, अनुपम अलौकिक कल्पना शक्ति और मोहिनी आंचलिक मिठास से अपने शब्दों में तत्कालीन समाज का ऐसा यथार्थवादी चित्रण किया है, जिससे उनकी रचना देश और काल की सीमा से परे होकर आज भी हमें उस समाज की पीड़ा और जिजीविषा से अवगत कराती है । उनका साहित्य हमारी प्रेरणा है तथा वह हमारी समृद्ध बौद्धिक विरासत हैं । मैं पूरे सदन की ओर से उनकी जयन्ती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं ।

माननीय सदस्यगण, आज सभी विकारों से मुक्त करने वाली प्रकृति को सींचने वाली आदिशक्ति माँ काली के अनन्य भक्त एवं स्वामी विवेकानन्द जी के गुरू सर्वेश स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की जयन्ती है । जिनका मानना था कि जो व्यक्ति दूसरों के बिना किसी स्वार्थ के मदद करता है वह स्वयं के लिए अच्छे का निर्माण कर रहा होता है । जिनका साधनामय व्यक्तित्व और सत्कर्म आज भी हमारे लिए प्रेरक और प्रासंगिक है मैं अपने तथा पूरे सदन की ओर से ऐसे महान साधक संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी को उनकी जयन्ती पर श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं ।

अब सभा की कार्यवाही 02.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित की जाती है।